मानव श्रृंखला बनाकर दिया चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

- वोट मैराथन, दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं के साथ संवाद, मतदान जागरूकता रंगोली एवं मेहंदी तथा नारी शक्ति संवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न वर्गों तक मतदान का संदेश पहुंचाया

बीकानेर,(कासं)। आगामी पंचायत चुनावों में अधिकाधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन के आदेशानुसार तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रभारी स्वीप प्रकोष्ठ शैलजा पांडे के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

स्वीप प्रकोष्ठ सह प्रभारी व पीआरओ सुरेश बिश्नोई ने बताया कि स्वीप प्रकोष्ठ द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समिति मुख्यालयों पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय, बीकानेर के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र के निर्देशन में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने लोकतंत्र में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए आमजन को मतदान के प्रति जागरूक रहने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अनीश चौहान एवं डॉ. पवन कुमार यादव ने सहयोग प्रदान किया।

स्वीप प्रकोष्ठ समन्वयक प्रशांत जोशी ने बताया कि स्वीप प्रकोष्ठ द्वारा 9 अक्टूबर से निर्धारित कैलेंडर के अनुसार निरंतर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत वोट मैराथन, दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं के साथ संवाद, मतदान जागरूकता रंगोली एवं मेहंदी तथा नारी शक्ति संवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न वर्गों तक मतदान का संदेश पहुंचाया गया है। स्वीप प्रकोष्ठ सह समन्वयक गोपाल जोशी ने बताया कि आगामी दिनों में भी निर्धारित कैलेंडर के अनुसार मतदान का गरबा, दीपदान, युवा संवाद एवं वोट बारात जैसी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्वीप प्रकोष्ठ के पवन कुमार खत्री, दीपक जोशी, हरिहर, संजय छंगानी, दीपक बिन्नानी आदि द्वारा जन भागीदारी के माध्यम से मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पेड न्यूज पर निगरानी : पंचायत आम चुनाव 2026 के मद्देनजर पेड न्यूज पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर में मीडिया प्रकोष्ठ के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ वाई. बी. माथुर, सुरेन्द्र राठी एवं प्रो. विपिन सैनी ने कार्मिकों को पेड न्यूज की पहचान, निगरानी तथा निर्वाचन के दौरान मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित समाचारों के परीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के प्रभारी उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य ने प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया पर पेड न्यूज की निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश एवं व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित होने वाली चुनाव संबंधी सामग्री पर सतर्कता से नजर रखने तथा संदिग्ध समाचारों का नियमानुसार परीक्षण करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

मां करणी की शोभायात्रा 18 को

बीकानेर,(कासं)। नवरात्रि के पावन पर्व पर राज राजेश्वरी मां करणी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में विजय भवन (राजूवास) स्थित करणी माता मंदिर में दस दिवसीय महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

पुजारी मोहन महाराज के सानिध्य एवं पंडित गणेश महाराज की देखरेख में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत बुधवार शाम 7:30 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। समग्र करणी माता भक्त सेवा समिति के अनुसार मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य पं. भवानी शंकर महाराज व पं. अर्जुन महाराज छंगाणी के आचार्यत्व में प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक मंडप पूजन व महायज्ञ चल रहा है।

आगामी 16 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष गरबा नृत्य होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 18 अक्टूबर को मां करणी का जन्मोत्सव रहेगा। इस दिन दोपहर 3 बजे पंचामृत अभिषेक के बाद राजूवास से भव्य शोभायात्रा रवाना होगी। यह यात्रा एम.एन. हॉस्पिटल, गवर्नमेंट प्रेस होते हुए जूनागढ़ पहुंचेगी जहां मां तेमड़ेराय की महाआरती होगी। उसके बाद सूरसागर व कीर्ति स्तंभ होते हुए पुन: विजय भवन पहुंचेगी। शाम 7:30 बजे छप्पन भोग व महाप्रसाद तथा रात 10 बजे जन्मोत्सव केक काटा जायेगा। 20 को नवमी पर दोपहर 1 बजे कन्या पूजन व पूर्णाहुति होगी।

सार-समाचार

साधारण सभा के एजेंडों के बारे में पार्षदों से की चर्चा

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम महापौर अनिल कल्ला ने नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाली नगर निगम की प्रथम साधारण सभा के एजेंडों के बारे में विस्तृत विचार विमर्श किया। उन्होंने पार्षदों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ बीकानेर नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड बनाया है। उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप हम सब लोगों को एकजुट होकर शहर के विकास एवं आगामी दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सफाई सीवरेज लाइट अग्निशमन आदि से संबंधित विषयों के संदर्भ में विचार विमर्श कर जनता के हित में निर्णय पारित करवाने संबंधी कार्य योजनाओं पर विचार करना चाहिए। उन्होंने सभी पार्षदों को पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आव्हान किया ताकि जनता को यह महसूस हो सके की पूर्व में नकारा बोर्ड के कारण शहर का जो विकास रूक गया है, उसको गति दिलाई जा सके। बैठक में बीकानेर पश्चिम के पूर्व विधायक डॉ. बी. डी. कल्ला पूर्व विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे यशपाल गहलोत ने भी पार्षदों को अपने अनुभव साझा करते हुए शहर के हित में कार्य करने की बात कही। बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी पार्षद उपस्थित रहे।

उन्नत पशुपालन का प्रशिक्षण दिया

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशुधन अनुसंधान केन्द्र कोड़मदेसर में मंगलवार को ग्रामीण विकास विज्ञान समिति जोधपुर से जुड़े हुए किसानों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. विरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में बाप व दियातरा के आस-पास के 7 गांवों के 45 पशुपालकों ने भाग लिया। इन पशुपालकों को उन्नत पशुपालन (जैसे गाय, भेड़, बकरी पालन) की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी गई ताकि कम लागत में बेहतर उत्पादन ले सके। पश्चिमी राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार रखी जा सकने वाली बकरियों, भेडों व गायों की देशी नस्लों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं उनसे संबंधित टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। केन्द्र के सहायक आचार्य डॉ. भरत लाल मीणा ने पश्चिमी राजस्थान के मौसम को ध्यान में रखते हुए सेवण, अंजन व धामण जैसी पौष्टिक स्थानीय घासों के उत्पादन और वैज्ञानिक चारा प्रबंधन के विषय में व्याख्यान दिया।

एक प्लॉट को 2 बार बेचा, मुकदमा दर्ज

- धोखाधड़ी का मामला दर्ज, कोर्ट के आदेश पर 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- आरोपियों को पहले के बेचान का पता था

हनुमानगढ़, (कासं)। एक प्लॉट को 2 बार बेचने का मामला सामने आया है। एक अधेड़ की शिकायत पर कोर्ट के आदेश से टाउन पुलिस थाना में 3 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार टाउन निवासी 60 वर्षीय लोकूराम पुत्र नारायणदास सिंधी ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। नंदलाल पुत्र चौलाराम नायक ने चक 22 एचएमएच क्षेत्र में अपनी जमीन पर छोटे भूखंड काटे थे। इनमें से भूखंड संख्या 56 (24 गुणा 45 वर्गफुट) लोकूराम को 51 हजार रूपए में बेचा गया था। 9 जुलाई 2012 को समझौता कर नोटरी से सत्यापित करवाकर भूखंड का कब्जा लोकूराम को सौंप दिया गया।

नंदलाल ने जमीन को आवासीय में बदलवाने के बाद लोकूराम के नाम रजिस्ट्री करवाने का भरोसा दिया था। लोकूराम भूखंड खरीदने के बाद से ही उसके कब्जे में था। रजिस्ट्री के लिए कहने पर आरोपी जमीन का रूपांतरण नहीं होने की बात कहकर टालता रहा। 4 अप्रैल 2026 को जमीन की जमाबंदी की नकल मिलने पर लोकूराम को पता चला कि नंदलाल ने धर्मवीर सिंह पुत्र करनैल सिंह मेघवाल के साथ मिलकर 0.809 हेक्टेयर भूमि धर्मवीर सिंह के नाम करवा दी। धर्मवीर सिंह ने भी यह जमीन जगदीश प्रसाद पुत्र बनवारी लाल नायक को बेच दी। लोकूराम का आरोप है कि आरोपियों को पता था कि भूखंड उसे बेचा जा चुका है।

इसके बावजूद जमीन को आगे बेचकर उसके साथ धोखाधड़ी की गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच सहायक उपनिरीक्षक राजवीर सिंह को सौंपी गई है।

श्रीगंगानगर सीओ सिटी एपीओ

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में कानून-व्यवस्था और पुलिस अधिकारियों के कामकाज को लेकर मिली शिकायतों के बाद सीओ सिटी विष्णु खत्री को एपीओ किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से दिन में हुई कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक के बाद देर रात यह आदेश जारी किए गए। खत्री के अलावा प्रदेश के 6 अन्य अधिकारियों को भी एपीओ किया गया है। जबकि दो पुलिस निरीक्षकों पर भी कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार सीओ सिटी विष्णु खत्री के खिलाफ बदमाशों से कथित मिलीभगत और आमजन के प्रति व्यवहार को लेकर शिकायतें मिली थीं। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

पूगल फाटा बस स्टैण्ड पर गंदे नाले से परेशान

बीकानेर, (कासं)। पूगल फाटा बस स्टैण्ड पर बना नाला परेशानी का सबब बन गया है। इस बारे में 25 अप्रैल को समाचार पत्र व नगर निगम और बीकानेर विकास प्राधिकरण को सूचित किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। आज इस सूचना को दिए हुए 108 दिन हो गए नाला पर अवैध निर्माण होने के कारण नाले की सफाई नहीं होती हैं और नाले के पानी का बहाव न होने के कारण नाले ने छोटी नहर का रूप ले लिया है।

बरसात में नाले का गंदा पानी वहां स्थित वूलन मिल में नालियों के द्वारा मिल के अंदर आ जाता है जिससे गंदे पानी की दुर्गन्ध और मच्छरों का सम्राज्य होने से मिल में काम करने वाले मजदूरों व मिल में रहने वाले परिवारों का वहां रहना और काम करना मुश्किल हो जाता है। मच्छरों के कारण कई प्रकार बीमारियां होने का भय बना रहता है। इस बारे में अनेक बार नगर निगम के आधिकारियों व बीकानेर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को नाले पर बने अवैध कब्जे हटाकर नाले की सफाई करने व नाले के निर्माण के बारे में पत्र से सूचित किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

मुख्य सड़क भी तालाब का रूप ले लेती है। अनेक बार प्रशासन को इस बारे में सूचित किया लेकिन नाले की कोई सुध नहीं लेता ह। अभी जब मुख्यमंत्री का बीकानेर आगमन हुआ तो नाले की गंदगी ऊपर से निकाली गई जिससे नाला और ज्यादा चौड़ा हो गया। लेकिन नाले के पानी का बहाव नहीं होने से गंदा पानी मिल के अंदर आ रहा हैं।

इलाज में लापरवाही से मरीज की मौत, 17 घंटे तक बैड नहीं मिला

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम अस्पताल के नए मेडिसिन विंग में मरीज को बैड नहीं मिलने से मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मरीज को करीब 17 घंटे तक बैड नहीं मिला। बाद में हालत बिगड़ने पर उसे आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर पर रखा गया जहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने मामले की जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल प्रशासन ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जानकारी के अनुसार घटना 12 अक्टूबर की रात की है।

श्रीडूंगरगढ़ के पूनरासर निवासी राधेश्याम को परिजन रात करीब 2:30 बजे पीबीएम अस्पताल के नए मेडिसिन विंग लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि डॉ. विजय तुंडवाल की यूनिट में काफी समय तक बैड उपलब्ध नहीं हुआ।

बाद में मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि मौत के कारण और इलाज में किसी तरह की लापरवाही की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। मेडिसिन विभाग में मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार विभाग में कुल 527 बैड हैं। इनमें करीब 380 सामान्य बैड हैं। इसके बावजूद कुछ वार्डों में स्वीकृत क्षमता से अधिक मरीज भर्ती होने की स्थिति बताई जा रही है।

एक वार्ड में 70 बैड के मुकाबले करीब 100 मरीज होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में मरीजों और उनके परिजनों को बैड उपलब्ध कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेडिसिन विभाग में 10 कॉटेज वार्ड शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इससे मरीजों को बैड उपलब्ध कराने में मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि, मौजूदा समय में बैड की कमी और मरीजों के बढ़ते दबाव के बीच अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत बनी हुई है।

अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विवाद सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक सामाजिक कार्यकर्ता को रोके जाने के मामले में विवाद हुआ। इस दौरान अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए गए।

